# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

- राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा और बारिश से जनजीवन प्रभावित, रांची में दिन में छाया अंधेरा, फसलों को भारी नुकसान, किसानों ने सरकार से मांगा मुआवजा।
- विधानसभा में विपक्ष ने उठाया स्वास्थ्य महकमे में वित्तीय अनियमितता का मामला, सरकार ने उच्चस्तरीय जांच का दिलाया भरोसा।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमला, कहा– अपराधियों को संरक्षण दे रही है सरकार, झामुमो ने किया पलटवार।
- रंगारंग कार्यक्रम के साथ गढ़वा में आयोजित दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव संपन्न, कलाकारों को किया गया सम्मानित।
- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज से होगी शुरु, राज्यभर के 200 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से ही तेज हवा के साथ रुक–रुक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। रांची में आज भी सुबह के 10 बजे ही अंधेरा छा गया और हवा गर्जन के साथ तेज बारिश भी हुई। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में 23 मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश होने और कहीं–कहीं ओलावृष्टि और वज्रपात का औरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

उधर, दुमका में आज दूसरे दिन भी रुक रुक कर वर्षा हो रही है। वर्षा से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। तापमान में भारी गिरावट हुई है और सर्दी लौट आई है। भारी बारिश से हजारीबाग में फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसल तो बर्बाद हो ही गयी है, टमाटर, करेला, खीरा और तरबूज के फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है।

*******************

खूंटी जिले के विभिन्न इलाकों में भी बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज हवा और ओलावृष्टि के कारण साग सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। डंडौल, कालामाटी, डूँगरा, दूंडीगड़ा, फूदी, अख्ता समेत आसपास के इलाकों के किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन की कार्यवाही सुचारु रुप से जारी है। हालांकि प्रश्न काल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर नोकझोंक भी हो रही है। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना में हुई गड़बड़ी पर सरकार से जवाब मांगा।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

*******************

होली और ईद के मद्देनजर ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। इसका व्यापक असर कोडरमा स्टेशन पर देखने को मिल रहा है। होली का पर्व मनाने के बाद वापस अपने काम पर लौटने वालों की तादाद बढ़ गई है। उधर ईद पर अपने घर आने वालों की भी बड़ी संख्या है। 20 दिनों तक ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट है। हालांकि कोडरमा के रास्ते कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया है, लेकिन उनमें भी टिकट नहीं मिल पा रहा है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
शेष समाचार इस विराम के बाद।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है और अपराधियों को संरक्षण प्रदान कर रही है।

*******************

इस बीच झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि राज्य में विकास और सुशासन की सरकार चल रही है।

*******************

गिरिडीह जिले में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने कहा है कि इस योजना के लाभुकों के खातों को आधार बेस्ड किया जा रहा है, ताकि किसी भी गड़बड़ी से बचा जा सके।

*******************

गढ़वा जिले के बंशीधर नगर में आयोजित दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव संपन्न हो गया। महोत्सव के दौरान विभिन्न शहरों से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इंडियन आइडियल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी ने भक्ति गानों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समरोह में विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय ने कलाकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

*******************

बोकारो जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज से शुरु होगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उदघाटन शाम साढ़े पांच बजे उपनगर आयुक्त पारुल सिंह और अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज पूर्णिमा महतो करेंगी। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर के सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

****************